जागरण

# बरारी में नकली गुलाब जल निर्माण का भंडाफोड़

Publish Date:Thu, 23 Jan 2020 06:10 AM (IST)



*कटिहार। बरारी थाना क्षेत्र के बरारी हाट में एक मकान में नकली डाबर गुलाब जल बनाने संबंध*

कटिहार। बरारी थाना क्षेत्र के बरारी हाट में एक मकान में नकली डाबर गुलाब जल बनाने संबंधी कंपनी की सूचना पर पुलिस द्वारा छापेमारी की गई। इस दौरान मकान से 60 एमएल वाला 1102 बोतल गुलाब जल के साथ 10 लीटर रोज वाटर व 6421 स्टीकर बरामद किया गया। इस संदर्भ में डाबर कंपनी के जांचकर्ता नीरज कुमार ने बरारी थाना में मामला दर्ज कराया है। नीरज कुमार ने बरारी थाना में दिए आवेदन में बताया कि उन्हें जानकारी मिली कि कटिहार के बरारी में नकली डाबर गुलाब जल बनाया जा रहा है। जब वह यहां पहुंचे तो सरदार मिथुन कुमार सिंह के घर में नकली गुलाब जल बनाया जा रहा था। बरारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि कंपनी के निशानदेही पर छापेमारी की गयी थी और उक्त जगह गुलाब जल के साथ रेपर व खाली बोतल बरामद किया गया है। कापी राइट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

Source: https://www.jagran.com/bihar/katihar-crime-19962664.html